उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : मुख्यपीठ जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक B/2274 /

जबलपुर, दिनांक 03/06/07/2020

श्री हेमंत सिंह सोलंकी, जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर को उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर की स्थापना पर डीलिंग असिस्टेंट क्रमांक 9 के पद पर कार्यरत रहते हुए प्रकरण क्रिमिनल अपील क्र. 369/1999 (संतोष विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन) एवं प्रकरण क्रिमिनल अपील क्र. 80/2000 (दिलीप एवं अन्य विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन) के अभिलेख आपके आधिपत्य से गुम करने के आरोपो पर आपके विरूद्ध रजिस्ट्री आदेश क्रमांक बी/863/दो–14–1/19 भाग–दो, जबलपुर दिनांक 08.02.2019 द्वारा विभागीय जांच की गयी। विभागीय जांच उपरांत जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट से असहमत होते हुए आपको प्रकरण क्रिमिनल अपील क्र. 369/1999 (संतोष विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन) एवं प्रकरण क्रिमिनल अपील क्र. 80/2000 (दिलीप एवं अन्य विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन) मूल अभिलेख के बिना अवलोकन कर अपडेट करने की त्रुटि करने के फलस्वरूप आपको मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(एक) सहपठित उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश सेवा (भर्ती, सेवा की सामान्य शर्तें, आचरण, वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 2017 के नियम 16(1) के अंतर्गत लघुशास्ति "परिनिंदा" (Censure) के दंड से दंडित किया जाता है।

29/6/2020

(राजेन्द्र कुमार वाणी)

For रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक B/2275 /

जबलपुर, दिनांक 03/06/07/2020

**प्रतिलिपि** :–

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर, इंदौर म.प्र.,
2. रजिस्ट्रार प्रशासन/आई.एल./न्यायिक 1 एवं 2, उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
3. चीफ सिस्टम एनालिस्ट उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर आदेश की प्रति उच्च न्यायालय म.प्र. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु,
4. असिस्टेंट रजिस्ट्रार (ई.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
5. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
6. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (न्या.) स्था./पेंशन/न्यायिक, उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
7. श्री जयराम कोहली एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (न्या.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर,
8. श्रीमती प्रचीती तराणेकर, जूनियर जुडिशियल ट्रांसलेटर, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर,
9. सहायक स्थापना/सेवा पुस्तिका, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
10. ऑफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
11. श्री हेमंत सिंह सोलंकी, जूनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(श्याम बिहारी वर्मा)

रजिस्ट्रार (इंस्पेक्शन)

For

## उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : मुख्यपीठ जबलपुर

## // आदेश //

क्रमांक B/2276/ जबलपुर, दिनांक 03/~~06~~ 07/2020

श्री प्रमोद कुमार मण्डलोई, सीनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर को कोर्ट रीडर के पद कार्यरत रहते हुए प्रकरण रिट पिटीशन क्रमांक 4412/2009 (गोविंद प्रसाद मंगल विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य) के अभिलेख आपके आधिपत्य से गुम करने के आरोपो पर आपके विरूद्ध रजिस्ट्री आदेश क्रमांक बी/1862/दो–14–86/17, जबलपुर दिनांक 04.04.2018 द्वारा विभागीय जांच की गयी। जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 05.03.2019 में आपके विरूद्ध लगाये गए आरोप सिद्ध पाये गए।

उपरोक्त संबंध में रजिस्ट्री कारण बताओ नोटिस क्रमांक बी/2276/दो–14–86/17, जबलपुर दिनांक 24.04.2019 के तारतम्य में आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब दिनांक 18.06.2019 स्वीकार योग्य न होने, जॉचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट से पूर्णतः सहमत होते हुये एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतते हुये प्रकरण रिट पिटीशन क्रमांक 4412/2009 (गोविंद प्रसाद मंगल विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य) के अभिलेख आपके आधिपत्य से गुम करने की गंभीर त्रुटि करने का दोषी पाये जाने के फलस्वरूप आपको मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(चार) सहपठित उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश सेवा (भर्ती, सेवा की सामान्य शर्ते, आचरण, वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 2017 के नियम 16(1) के अंतर्गत आपकी आगामी देय दो वार्षिक वेतनवृद्धियां भविष्य की वेतनवृद्धियों को अप्रभावित करते हुए (Without Cumulative Effect) रोके जाने के दंड से दंडित किया जाता है।

3/6/2020

(राजेन्द्र कुमार वाणी)
for रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक B/2277/ जबलपुर, दिनांक 03/~~06~~ 07/2020

**प्रतिलिपि** :–

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर, इंदौर म.प्र.,
2. रजिस्ट्रार प्रशासन/आई.एल., उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
3. चीफ सिस्टम एनालिस्ट उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर आदेश की प्रति उच्च न्यायालय म.प्र. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु,
4. असिस्टेंट रजिस्ट्रार (ई.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
5. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
6. एडमिनिस्ट्रटिव ऑफिसर (न्या.), उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
7. श्री आर.सी. पारे, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (न्या.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर,
8. श्री अरविंद ओमकार जामनिक, जूनियर जुडिशियल ट्रांसलेटर, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर,
9. सहायक स्थापना/सेवा पुस्तिका, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
10. ऑफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
11. श्री प्रमोद कुमार मण्डलोई, सीनियर जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(श्याम बिहारी वर्मा)
रजिस्ट्रार (इंस्पेक्शन)
for